HGH INDIA® 2021
HOME DECOR ▪▪▪ GIFTS ▪▪▪ HOUSEWARE
November 30 - December 3, 2021,
INDIA EXPO CENTRE, GREATER NOIDA, DELHI NCR

NEWS 1
A TEXZONE Event
www.hghindia.com

Where business feels at home!

## लॉकडाउन के बाद बाजार परिदृश्य

# होम इंडस्ट्री मजबूत वापसी की ओर!

एचजीएच इंडिया 2021, होम टेक्सटाइल्स, **होम डेकॉर, हाउसवेयर और गिफ्ट्स** ट्रेड शो का वार्षिक संस्करण अब पूरे भारत के 400 से भी ज्यादा शहरों और महानगरों के भारतीय एवं अंतर्राष्ट्रीय प्रदर्शकों और उच्च क्षमता-सम्पन्न व्यापारिक एवं संस्थात्मक खरीदारों के स्वागत के लिए सज-धज कर तैयार है। महामारी और लॉकडाउन के कारण दो वर्षों के लंबे अंतराल के बाद, व्यापार और उद्योग अब एचजीएच इंडिया प्लेटफार्म पर एकत्रित होने के लिए बहुत ही उत्सुक हैं। एक-दूसरे के साथ फिर से जुड़ने, अपने व्यवसायों को **पुनः संगठित** करने और मार्केट की नई एवं अत्यंत **सकारात्मक स्थितियों** के अंतर्गत उच्चतर विकास के लिए अपने **व्यापार-वाणिज्य** को एक बार फिर से नया रंग-रूप देने के लिए वे सब पूरे दिल से उत्सुक हैं।

एचजीएच इंडिया 2021 के लिए दिल्ली एन.सी.आर. के ग्रेटर नोएडा में 'इंडिया एक्सपो सेंटर' के चार विशेष-सज्जित हॉल आरक्षित किए गए हैं। ये चार हॉल 'डेकोरेटिव सॉफ्ट फर्निशिंग' (हॉल नं. 15), बेड, बाथ ऐंड स्लीप टेक्नोलॉजी' (हॉल नं. 14), 'डेकोरेटिव ऐक्सेसरीज', गिफ्ट्स ऐंड स्मॉल फर्नीचर' (हॉल नं. 10) और 'हाउसवेयर ऐंड गिफ्ट्स' (हॉल नं. 9) के लिए विशेष रूप से तैयार किए गए हैं।

अपने आगमन की पुष्टि करते हुए, पूरे भारत से हजारों की संख्या में प्रमुख रीटेलर्स (जिनमें ज्यादातर बड़े रीटेल चेन्स, स्पेशलिटी होम स्टोर्स एवं ऑनलाइन रीटेलर्स शामिल हैं), वितरक, थोक व्यापारी, व्यापार प्रतिनिधि, कॉर्पोरेट गिफ्ट बायर्स, संस्थात्मक क्रेता और इंटीरियर डिजाइनर्स एचजीएच इंडिया 2021 के साथ पहले ही अपना रजिस्ट्रेशन करा चुके हैं। उत्पादों, डिजाइनों और सामग्रियों में तेजी से होने वाले नए-नए आविष्कारों के साथ, ज्यादा से ज्यादा रीटेलर्स प्रति स्टोर छोटे-छोटे तादादों में ज्यादा बारंबारता के साथ 'सोर्सिंग' की जरूरत महसूस कर रहे हैं। इस तरह से उन्हें अपने स्टॉक के जोखिमों को कम करने में भी मदद मिलती है। क्रेताओं की इस नई सोच के कारण, 'होम कैटेगरी' के लिए दीवाली के बाद दिसंबर का महीना भारत में 'सोर्सिंग' के लिए एक महत्वपूर्ण महीना बनकर उभर रहा है। एचजीएच इंडिया 2021 व्यापारिक खरीदारों को प्रमुख ब्रांडों और निर्माताओं से जुड़ने, कोविड के बाद उभरते हुए बाजार परिदृश्य को समझने और 2021/22 के लिए डिजाइन और होम फैशन सम्बंधी रुझानों को जानने में मदद देगा। तेजी से बढ़ती हुई प्रतिस्पर्द्धा के माहौल में रीटेलरों के लिए आवश्यक हो गया है कि वे अपने ग्राहकों की सतत विकासशील जीवन-शैली के अनुरूप, निम्नतम रूप से संभव मूल्यों पर, उन्हें बेहतर से बेहतर मूल्यवत्ता प्रदान करें। इसलिए ऑफलाइन और ऑनलाइन सभी तरह के रीटेलरों के लिए आवश्यकता इस बात की है कि वे प्रतिस्पर्द्धा में आगे बने रहने के लिए निरंतर नए-नए डिजाइनों, उत्पादों और स्रोतों की तलाश जारी रखें।

एचजीएच इंडिया प्रमुख विज़िटर्स के रूप में भारतीय आयातकों, रीटेलरों, डिस्ट्रिब्यूटरों, इंटीरियर डिजाइनरों और संस्थात्मक एवं कॉर्पोरेट गिफ्ट क्रेताओं पर स्पष्ट फोकस रखने वाला एक वार्षिक अंतर्राष्ट्रीय ट्रेड शो है।




- दीवाली के बाद रीटेलरों के लिए 'सोर्सिंग' के लिए एक महत्वपूर्ण महीना बनकर उभर रहा है।
- पूरे भारत के 400 से भी अधिक शहरों के व्यापारिक विक्रेता पहले ही अपना रजिस्ट्रेशन करा चुके हैं जिनमें प्रमुख रीटेल चेन्स, स्पेशलिटी होम स्टोर्स, इंटीरियर डिजाइनर्स एवं संस्थागत क्रेता शामिल हैं।
- नए ब्रांडों द्वारा नई उत्पाद श्रृंखलाओं और नव-प्रवर्तनशील डिजाइन लॉन्च किए जाएंगे।
- फर्निशिंग फैब्रिक्स, ब्लाइंड्स, वालपेपर, बेड ऐंड बाथ, मैट्रेसेज़ एवं स्लीप टेक्नोलॉजी, डेकोरेटिव उत्पादों, कार्पेट्स, ऐंड फ्लोर कवरिंग, होम डेकॉर, एक्सेंट फर्नीचर, किचेनवेयर, कुकवेयर, किचेन एप्लायंसेज, टेबलवेयर, स्टोरेज, गिफ्ट्स, क्लीनिंग एवं मेंटिनेंस उत्पाद, सामान्य हाउसवेयर प्रदर्शन के कुछ प्रमुख ब्रांड होंगे।
- विशेष फोकस: स्लीप टेक्नोलॉजी, स्मार्ट कुकिंग, स्मॉल फर्नीचर और स्वच्छ भारत

**नव-प्रवर्तन ▪ ट्रेंड्स ▪ उत्पाद ▪ सोर्सेज ▪ अवसर**

# होम टेक्सटाइल्स, होम डेकॉर, हाउसवेयर और गिफ्ट्स की आकर्षक झलक

10वें वार्षिक संस्करण में दीवाली–उपरांत ग्रीष्म 2022 रीटेल सीज़न के लिए प्रमुख भारतीय एवं अंतर्राष्ट्रीय ब्रांडों और एक्ज़ीबिटरों के होम टेक्सटाइल्स, होम डेकॉर, स्मॉल फर्नीचर, हाउसवेयर ऐंड गिफ्ट्स सम्बंधी नवीन उत्पाद पेश किए जाएंगे। 30 नवंबर से 3 दिसंबर तक, पहली बार ग्रेटर नोएडा के 'इंडियन एक्सपो सेंटर' में आयोजित होने जा रहे एचजीएच इंडिया 2021 में शिरकत करने के लिए, सम्पूर्ण होम इंडस्ट्री अपनी तैयारी में जुट गया है।






पूरे भारत के एक्ज़ीबिटरों ने एचजीएच इंडिया 2021 के दिल्ली एन.सी.आर. में स्थानांतरण का स्वागत किया है। एक्ज़ीबिटरों को पूरे देश के नियमित ग्राहकों से जोड़ने के अलावा, यह नया लोकेशन उन्हें उत्तर भारतीय होम प्रोडक्ट मार्केट में ज्यादा गहनता से पैठ बनाने का भी अवसर उपलब्ध कराता है। कई एक्ज़ीबिटर पहली बार इसमें शामिल हो रहे हैं जिससे एचजीएच इंडिया 2021 व्यापारिक खरीदारों के लिए सोर्सिंग और बिज़नेस का अभूतपूर्व अवसर प्रदान करने वाला फोरम बन गया है। इसके अलावा, दिल्ली पूरे भारत के रीटेलरों, होलसेलरों, डिस्ट्रिब्यूटरों और आयातकों का एक सुसंस्थापित 'सोर्सिंग हब' है। दिल्ली एन.सी.आर. में, एचजीएच इंडिया 2021 का घटना–स्थल–**इंडिया एक्सपो सेंटर–ग्रेटर नोएडा एक्सप्रेसवे** पर अवस्थित है जो कि व्यापार प्रदर्शनियों के लिए एक विश्व–स्तरीय स्थल है।

बेड और बाथ, फर्निशिंग फैब्रिक्स, मैट्रेसेज़ एवं स्लीप टेक्नोलॉजी, डेकोरेटिव उत्पादों, कार्पेट्स, ब्लाइंड्स, वॉलपेपर्स, हैंडिक्राफ्ट्स, डेकोरेटिव एक्सेसरीज, स्मॉल ऐंड एक्सेंट फर्नीचर, बेबीज ऐंड किड्स प्रोडक्ट्स, कुकवेयर, किचेनवेयर, किचेन एप्लायंसेज, टेबलवेयर, स्टोरेज, क्लीनिंग एवं मेंटिनेंस उत्पादों, सामान्य हाउसवेयर तथा होम टेक्स्टाइल्स, होम डेकॉर, स्मॉल फर्नीचर, हाउसवेयर ऐंड गिफ्ट्स जैसी श्रेणियों में व्यापक किस्म के होम प्रोडक्ट्स के 300 से भी अधिक भारतीय एवं अंतर्राष्ट्रीय ब्रांडों, उत्पादकों, आयातकों तथा थोक विक्रेताओं द्वारा नए उत्पाद, नए डिजाइन और 2021/2022 के संग्रह प्रस्तुत किए जाएंगे।

वर्तमान में, सोर्सिंग के लिए अपनी विज़िट के लिए पूरे भारत के 400 से भी अधिक शहरों और महानगरों के खुदरा विक्रेताओं और वितरकों ने अपना रजिस्ट्रेशन करा लिया है। यात्रा की स्थितियां अब तेजी से सामान्य हो रही हैं और सम्पूर्ण 'होम कैटेगरीज़' में दीवाली–पूर्व का रीटेल सेल शानदार रहा है। परिणामस्वरूप, स्टॉक को फिर से भरने और भौतिक व्यवसाय प्लेटफार्म पर अपने आपूर्तिकर्ताओं से मेल–मुलाकात की प्रबल उत्सुकता के कारण, प्रतिदिन भारत के ज्यादा से ज्यादा रीटेलर और उच्च क्षमता–सम्पन्न क्रेता एचजीएच इंडिया 2021 में अपनी विज़िट के लिए रजिस्ट्रेशन करा रहे हैं। इनमें सभी वृहत रीटेल फॉर्मेट्स के क्रेता, अनेक ऑनलाइन व्यावसायिक समूह, क्षेत्रीय रूप से महत्वपूर्ण रीटेलर्स, होलसेलर्स, इंटीरियर डिजाइनर्स और कॉर्पोरेट गिफ्ट बायर्स एवं सप्लायर्स शामिल हैं।











## भारत का तेजी से विकसित होता होम मार्केट

अगले दशक तक, भारत **+7% से 8% YOY** तक के GDP विकास का लक्ष्य लेकर चल रहा है। सरकारी तथ्यों के अनुसार, वर्ष 2020–21 में USD 3.05 ट्रिलियन के वर्तमान आकार से बढ़कर 2025–26 में भारत USD 5 ट्रिलियन की अर्थ–व्यवस्था बनकर उभरेगा। इस तरह, भारत दुनिया के सबसे बड़े और तेजी से उभरते बाजारों में से एक है। भू–सांख्यिक रूप से, हम 20–30 आयुवर्गों के लोगों की संख्या में तेजी से वृद्धि होते देख रहे हैं। ये उन आयुवर्गों के लोग हैं जो परिवारों और नए घरों का निर्माण करते हैं। इस प्रकार, भारयीय ग्राहकों की पसन्द का रुझान परिवार और घर की ओर उन्मुख होता जा रहा है, और खास तौर पर महामारी के काल में परिवार और घर पर फोकस के कारण इस रुझान को और ज्यादा बल मिला है। अपने घरों के साज–संवार पर खरीदारों ने पहले से ज्यादा खर्च करना शुरु कर दिया है, और इस कारण से घरेलू उत्पादों की खपत में अच्छी–खासी बढ़ोत्तरी हुई है। अतः, मांग में 20% वार्षिक दर से वृद्धि हुई है और भारतीय बाजार में व्यवसाय के अवसर तेजी से बढ़े हैं।

तेजी से बढ़ती इस मांग के कारण होल रीटेल व्यवसायी अपने बिज़नेस के प्रसार के लिए और अधिक माध्यमों की तलाश में जुट गए हैं। होम प्रोडक्ट्स के प्रति ग्राहकों के बढ़ते हुए रुझानों की संभावना को उपयोग में लाने के लिए, प्रभावी कनेक्शन बहुत जरूरी है।

पिछले दशक के दौरान, एचजीएच इंडिया निर्माताओं, थोक विक्रेताओं और वितरकों को भारत के इस छोर से उस छोर तक रीटेलरों से जोड़ने में सबसे प्रभावी मंच के रूप में विकसित हुआ है। 2021 की नई सामान्य स्थितियों में, एक्ज़ीबिटरों, आगंतुकों और सेवा–प्रदाताओं का स्वास्थ्य, आरोग्य और सुरक्षा सुनिश्चित करने के लिए, एचजीएच इंडिया भारत सरकार एवं स्थानीय शासनों द्वारा घोषित सभी सुरक्षा परिचालन प्रविधियों (SOPs) और नियमों का सख़्ती से पालन करेगा। पिछली बार की तीन–दिवसीय प्रदर्शनी की जगह, इस बार एचजीएच इंडिया 2021 एक चार–दिवसीय प्रदर्शनी होगी ताकि व्यवसाय के लिए एक अतिरिक्त दिवस उपलब्ध हो सके और ज्यादा भीड़–भाड़ न हो।

वर्ष 2018 से ही एचजीएच इंडिया ने इंडियन हेरिटेज़ के अंतर्गत भारत की समृद्ध सांस्कृतिक विरासत को बढ़ावा दिया है, और इस प्रकार उसने लगातार भारतीय शिल्पियों को हस्तशिल्प, सजावट के साजो–सामान, हाथ से बनी कालीनों/दरियों, हैंडलूम और खादी–आधारित घरेलू वस्त्र–परिधान, बांस और बेंत से बने उत्पादों, नारियल–जटाओं और जूट से निर्मित उत्पादों, घरेलू साजो–सामान, उपहारों और फैशन के सामानों इत्यादि श्रेणियों के अंतर्गत अपने हस्त–रचित उत्पादों को बाजार में बेचने में निरंतर सहायता उपलब्ध कराई है। यह उपक्रम भारत सरकार के कपड़ा मंत्रालय, हस्तशिल्प विकास आयुक्त, EPCH, CEPC, जूट बोर्ड, कॉयर बोर्ड, उत्तरप्रदेश सरकार, जम्मू–कश्मीर सरकार, NEHHDC, NECTAR, KVIC, एवं व्यक्तिगत उद्यमियों के सम्पूर्ण सहयोग से चलाया जाता है।

इसके अलावा, कई निर्माता, निर्यातक एवं सेवा–प्रदाता भारत सरकार के सूक्ष्म, लघु एवं मध्यम उद्योग (MSME) मंत्रालय के सहयोग से, अपने आधुनिक यंत्र–निर्मित उत्पादों की व्यापक श्रृंखला की भी नुमाईश करेंगे।

एचजीएच इंडिया 2021 भारत में गृह उद्योग के अगले दशक का आधार तैयार कर रहा है। 'गृह' की संकल्पना के तौर–तरीकों के बारे में भारत एक क्रांतिकारी परिवर्तन की दिशा में अग्रसर है। एचजीएच इंडिया एक विश्व–स्तरीय व्यापार प्रदर्शनी के माध्यम से गृह उद्योग को एकसूत्रता में पिरोने की पहलकदमी कर रहा है। साथ ही, स्लीप टेक्नोलॉजी, स्मॉल फर्नीचर, स्मार्ट कुकिंग और स्वच्छ भारत जैसे केन्द्रित विषयों के माध्यम से भारतीय होम मार्केट के लिए नए कल्पनाशील उत्पादों को भी पेश किया जा रहा है – और इस तरह एक नए दशक के संकल्प को मजबूत किया जा रहा है।

**10वां वार्षिक संस्करण: 30 नवंबर – 3 दिसंबर, 2021, इंडिया एक्सपो सेंटर, ग्रेटर नोएडा, दिल्ली एन.सी.आर.**

# स्लीप टेक्नोलॉजी | स्मॉल फर्नीचर | स्मार्ट कुकिंग | स्वच्छ भारत

## फोकस 2021-22

*अपनी छत्रछाया में समस्त होम प्रोडक्ट श्रेणियों की व्यापक श्रृंखलाओं और नवीन उत्पादों की प्रस्तुति जारी रखते हुए, एचजीएच इंडिया 2021 निम्नांकित चार अनुभागों की ओर विशेष रूप से ध्यान आकर्षित करेगा और उनके लिए व्यापारिक विकास के उत्साहवर्द्धक अवसर पेश करेगा: स्लीप टेक्नोलॉजी, स्मॉल फर्नीचर, स्मार्ट कुकिंग, और स्वच्छ भारत। विशेष फोकस वाले ये प्रोमोशन एक्ज़ीबिटरों को वैश्विक रुझानों के अनुरूप अपने नए उत्पादों की नुमाइश में सक्षम बनाएंगे और आगंतुकों को उनके द्वारा प्रस्तुत व्यवसाय के नए क्षेत्रों के बारे में जानने-समझने का मौका देंगे। प्रत्येक फोकस थीम के माध्यम से उस विषय के बारे में आगंतुकों को टेक्नोलॉजी, नव-प्रवर्तन और बाजार के रुझानों के बारे में उपयोगी सूचना उपलब्ध होगी तथा उत्पाद एवं आने वाले परिदृश्य के बारे में उनकी समझ बढ़ेगी।*



### स्लीप टेक्नोलॉजी

एचजीएच इंडिया द्वारा स्लीप टेक्नोलॉजी थीम का पैविलियन इस सेक्टर के सबसे महत्वपूर्ण ट्रेड एसोसिएशन-'इंडियन स्लीप प्रोडक्ट्स फेडरेशन'-के सहयोग से हॉल नं. 14 में लगाया जाएगा। स्लीप टेक्नोलॉजी पैवेलियन का मकसद स्लीप प्रोडक्ट्स के नए उत्पादों और आगामी रुझानों के बारे में रीटेलरों और व्यापारिक आगंतुकों को जानकारी देना और शिक्षित करना है। इससे वे सही किस्म के स्लीप प्रोडक्ट्स की पसंद को प्रभावित करने वाले कारकों और साथ ही बेहतर स्वास्थ्य और उपभोक्ताओं की सुविधा के लिए मैट्रेसेज, पिलोज, कंफर्टर्स, इत्यादि में सामग्री और टेक्नोलॉजी की दृष्टि से जो उन्नति हुई है उन्हें समझ सकेंगे। बेहतर रूप से संसूचित रीटेलर्स अपने ग्राहकों को भी बेहतर रूप से समझा सकेंगे और अपने-अपने स्टोर्स में इन उत्पादों की बिक्री बढ़ा सकेंगे।

### स्मॉल फर्नीचर



एचजीएच इंडिया 2021 में पहली बार, स्मॉल फर्नीचर पर विशेष फोकस डालते हुए लिविंग रूम्स, किचन, बेडरूम, बालकोनीज़, आउटडोर एवं सामान्य घरेलू उपयोग के लिए लकड़ी, धातु, बेंत, बांस, रैटेन, प्लास्टिक, स्टील, ग्लास, एक्रिलिक एवं अन्य सामग्रियों से बने हुए फंक्शनल एवं डेकोरेटिव स्मॉल फर्नीचर की नुमाइश की जाएगी।



### स्मार्ट कुकिंग

हॉल नं. 10 में, स्मार्ट कुकिंग थीम के अंतर्गत नई सामग्रियों और टेक्नोलॉजी का संगम प्रस्तुत करने और कुकिंग को ज्यादा स्वास्थ्यप्रद, गतिशील, ऊर्जा-सक्षम, पर्यावरण-हितैषी, सुविधाजनक और समसामयिक बनाने वाले वाले कुकवेयर, किचेन एप्लायंसेज और किचेन टूल्स के आगामी रुझानों को प्रदर्शित किया जाएगा।

### स्वच्छ भारत



हॉल नं. 9 में स्वच्छ भारत थीम के अंतर्गत आगंतुकों को साफ-सफाई और रखरखाव सम्बंधी उन्नत किस्म के तथा मूल्यवत्ता-सम्पन्न उत्पादों के उपयोग के महत्व के बारे में जानकारियां दी जाएंगी। इस विशेष फोकस वाले प्रोमोशन के हिस्से के रूप में होंगे शुद्ध हवा, शुद्ध जल, स्वच्छ जीवन और साफ-सुथरे घरों के लिए उपकरण, टेक्नोलॉजी, मशीनें और सामग्रियां। एचजीएच इंडिया भारत सरकार के 'स्वच्छ भारत अभियान' का समर्थन करता है।

## एक्ज़ीबिटरों की टिप्पणियां



**ज्योति प्रधान**
*सीईओ, कर्ल-ऑन*

आज के भारतीय उपभोक्ता स्वस्थ नींद के फायदों से परिचित हैं और ऐसे उत्पादों में व्यय करने के लिए उत्सुक हैं जो उन्हें रात भर अच्छी नींद और लंबी एवं स्वस्थ जीवन-अवधि का वचन देते हों। पिछले 6 दशकों में, 'कर्ल-ऑन' में हमलोग आराम के हर स्तर के लिए सही किस्म की सहायता उपलब्ध कराते हुए मैट्रेस बनाने की कला को पूर्णता देते आए हैं। हमारे हस्त-रचित गद्दे उच्चतम गुणवत्ता वाली सामग्रियों से बने हैं जिनका निर्माण हम स्वयं अपनी कर्ल-ऑन फैक्ट्रियों में करते हैं। महामारी के दौरान हमने देखा कि उपभोक्ताओं में एक ही चैनल से खरीदारी करने का प्रचलन बढ़ा है। यही कारण है कि कर्ल-ऑन अपने नए और अनूठे कम्फर्ट मैच के भौतिक अनुभव को एचजीएच इंडिया 2021 में प्रदर्शित कर रहा है-एक ऐसा अनुभव जिसमें कर्ल-ऑन के 'कम्फर्ट सेलेक्टर' टूल का इस्तेमाल करके आपको एक सुखद रात की सुहानी नींद के लिए वैज्ञानिक विधि से सही किस्म के मैट्रेस से मैच किया जाता है।



**आशीष विज**
*डायरेक्टर*
*पैन ओवरसीज़ ग्रुप*

एचजीएच इंडिया में यह हमारी दूसरी प्रदर्शनी होगी। भारत के बाजार में हमारा दृढ़ विश्वास है और हम अपने ब्रांड्स की ऑनलाइन लॉन्चिंग करने वाले हैं, और रीटेलरों को अपने उत्पादों का विक्रय जारी रखेंगे। हमारे सॉफ्ट होमलाइन्स मध्यम से लेकर उच्च-मध्यम मूल्य-बिंदुओं के लिए हैं और यह मार्केट लगातार बढ़ रहा है। इस 'शो' में हमें ढेर सारे ग्राहकों से मिलने-जुलने की उम्मीद है।



**राजीव मर्चेन्ट**
*प्रेसिडेंट, रीटेल*
*इंडो काउंट इंडस्ट्रीज लिमिटेड*

भारतीय गृह रीटेल उद्योग का दीर्घकालिक परिदृश्य बहुत ही आशाजनक है। सरकार की ओर से भरपूर सहायता, सतत बढ़ती आय, WFH के साथ तेजी से बदलती जीवन-शैली, विदेशी व्यापारियों की बढ़ती हुई अभिरुचि और पहले से ज्यादा निवेश इत्यादि कारणों से, यह कहना बड़ा ही समीचीन होगा कि यह उद्योग दृढ़ता से अपनी जड़ें फिर से जमा रहा है और महामारी के बाद की स्थिति में इसका विकास जारी रहेगा।

'इंडो काउंट' दुनिया के 54 देशों में अपने ग्राहकों के लिए किए जाने वाले नव-प्रवर्तनों के कारण जाना जाता है। ऑटम-विन्टर 2021 में 'बूटिक लिविंग' और 'लेयर्स' के लिए बहुत ही अच्छे कलेक्शन प्राप्त हुए हैं। एचजीएच इंडिया 2021 में हम दोनों ही ब्रांडों के नए उत्पादों को प्रदर्शित करेंगे। इंडो काउंट और डोमेस्टिक होम रीटेल इंडस्ट्री के भविष्य को लेकर हम अत्यंत उत्साहित हैं।

## विजिटर्स की टिप्पणियां



**सुमित पात्रा**
*प्रमुख – जेनरल मर्कैंडाइज,*
*ऐपरल ऐंड होम एप्लायंसेज बिज़नेस*
*रिलायंस रीटेल लिमिटेड*
*(वैल्यू फॉर्मेट)*

जुलाई-सितंबर 2021 की अवधि में 'होम कैटेगरीज' के अंतर्गत व्यवसाय की बहुत अच्छी रिकवरी हुई है। वास्तविक स्टोरों में महामारी के पूर्व वर्ष 2019-20 की तरह ही बहुत हद तक अच्छा कारोबार रहा है। उत्सव के अवसर पर विक्रय बहुत ही आशाजनक प्रतीत होते हैं और वे पिछले सभी उच्च कीर्तिमानों से भी आगे जा सकते हैं। बिज़नेस के इस क्षेत्र में ई-कॉमर्स व्यापक रूप से विकास की ओर अग्रसर है। यह एक अतिरिक्त विकास है जो कि महामारी की स्थिति के बावजूद अभूतपूर्व तेजी से आगे बढ़ रहा है।

भारत में निर्मित उत्पादों और ब्रांडों के लिए यह भागीदार बनने और वृहत्तर लाभ उठाने का एक शानदार अवसर है। उपभोक्ताओं के लिए इस सुनहरे अवसर में अपना कमाल दिखाने के लिए एचजीएच रीटेलरों और निर्माताओं दोनों को एकजुट करने की क्षमता रखता है।



**सीताराम कुमार**
*सीईओ, होम सेंटर*

भारतीय रीटेलरों के लिए, बसन्त / ग्रीष्म का मौसम व्यवसाय के एक महत्वपूर्ण मौसम के रूप में उभर कर सामने आ रहा है जिसके लिए हम नवंबर/दिसंबर में 'सोर्सिंग' का काम पूरा कर चुके हैं। इसलिए एचजीएच इंडिया को 'सोर्सिंग' के इस दूसरे सीज़न के लिए दीवाली के बाद वाली अवधि में, 15 नवंबर से 15 दिसंबर के बीच, नियमित संस्करण आरंभ करना चाहिए क्योंकि बसन्त / ग्रीष्म का महत्व अब बड़ी तेजी से बढ़ता जा रहा है।

मुझे लगता है कि यह दिसंबर संस्करण एक अच्छा निर्णय है। होम सेंटर मौजूदा व्यवसाय और उत्पादों के साथ-साथ, नव-कल्पनाशील उत्पादों, नए मालों और नई आपूर्तियों की तलाश में अपने विशाल सोर्सिंग टीम के साथ एचजीएच इंडिया 2021 में उपस्थित रहेगा।

और अधिक जानकारी के लिए हमारी वेबसाइट देखें: www.hghindia.com या फोन करे: मुम्बई: टेलि. +91 (22) 2421 4111, दिल्ली: टेलि. +91 (11) 2571 4111



**शालिनी टंडन**
*वाइस प्रेसिडेंट – ब्रांड मैनेजमेंट,*
नाईका फैशन

एचजीएच इंडिया में मैंने कई बार भाग लिया है और इस शो के बारे में मुझे जो एक बात पसन्द है वह है उत्पादों द्वारा उपभोक्ता को ध्यान में रखते हुए अनुभवों पर कार्यनीतिक रूप से ध्यान-केंद्रण। अनुभव-प्रेरित अर्थ-व्यवस्था के इस उभरते हुए युग में यह लाभ बहुत ही बड़ा है। टीम के लिए मेरी शुभकामनाएं! अपनी मजबूतियों के दम पर, एचजीएच इंडिया इस नई सामान्य स्थिति में रीटेलरों और निर्माताओं के पूरे परितंत्र को एकत्रित करने में विशिष्ट स्थान रखता है। इस स्पेस में उसे एक-दूसरे को परस्पर संवाद स्थापित करने वाले मंच के सृजन की संभावना तलाशनी चाहिए।



**महावीर समदारिया**
*मैनेजिंग डायरेक्टर,*
*पीटल्स*
*बंगलुरु*

कोविड की दूसरी लहर की चुनौतियों पर विजय पाने के बाद, रीटेल व्यवसायों ने अपेक्षा से भी बढ़कर सफलता हासिल की है। आने वाले समय में हम अपने व्यवसाय के सुदृढ़ विकास की आशा करते हैं।

आरंभ से ही, एचजीएच इंडिया निर्माताओं और रीटेलरों के लिए पूरे देश में व्यापार के विस्तार और भागीदारी के लिए एक माध्यम के रूप में काम करता आया है, और हमें नवंबर 2021 में एचजीएच इंडिया का एक हिस्सा बनने का इंतजार है।

**निःशुल्क प्री-रजिस्ट्रेशन कराएं.. आज ही!**
**विजिटर के लिए रु. 1,000/- की बचत करें।**

सभी प्री-रजिस्टर्ड विजिटर्स एचजीएच इंडिया 2021 के प्री-रजिस्टर्ड विजिटर्स डेस्क पर जाएं और अपना QR कोड स्कैन करके अथवा एचजीएच इंडिया टीम की ओर से एसएमएस और ईमेल के जरिये प्राप्त रेफरेंस नम्बर प्रविष्ट करके अपना इंट्री कार्ड निःशुल्क प्रिंट करें।

पूर्व रजिस्ट्रेशन कराए बिना स्थल पर सीधे पहुंचने वाले आगंतुकों को प्रति आगंतुक रु. 1,000/- का रजिस्ट्रेशन शुल्क देना होगा, जिसे नगद अथवा क्रेडिट कार्ड, डेबिट कार्ड या पेटीएम के माध्यम से दिया जा सकता है।

## एचजीएच इंडिया 2021

आगंतुकों (विजिटर्स) के लिए समय-अवधि

30 नवंबर: सुबह 09:00 बजे से शाम 06:30 बजे तक

01 दिसंबर: सुबह 09:00 बजे से शाम 06:30 बजे तक

02 दिसंबर: सुबह 09:00 बजे सें शाम 06:30 बजे तक

03 दिसंबर: सुबह 09:00 बजे से शाम 05:00 बजे तक

**HGH INDIA® 2021**
HOME DECOR ▪ GIFTS ▪ HOUSEWARE
Inspiring Business for 10 years
**November 30-December 3,2021**
INDIA EXPO CENTRE, GREATER NOIDA, DELHI NCR

## ट्रेड विजिटर्स!

### प्रवेश शुल्क में रु. 1,000/- की बचत करें।
### 20 नवंबर 2021 तक ऑनलाइन रजिस्ट्रेशन कराएं और

एचजीएच इंडिया का आयोजन दिल्ली एन.सी.आर. में 30 नवंबर - 3 दिसंबर 2021 तक किया जाएगा। वर्ष 2021/22 के लिए पूर्वानुमानित फैशन एवं जीवन-शैली सम्बंधी रुझानों से प्रेरित ... 300 से भी अधिक ब्रांडों और निर्माताओं के नए एवं उच्च क्वालिटी उत्पादों पर नजर डालें




**होम टेक्सटाइल्स:** फर्निशिंग फैब्रिक्स, कर्टेन्स ऐंड ब्लाइंड्स, बेड लाइनेन, डेकोरेटिव मेड-अप्स, मैट्रेसेज ऐंड पिलोज, कार्पेट्स, बाथ लाइनेन, टेबल ऐंड किचेन लाइनेन। **होम डेकॉर:** सीलिंग, वॉल्स, विंडोज़, फ्लोर कवरिंग्स, टबल टॉप्स, डेकोरेटिव एक्सेसरीज, लाइफस्टाइल। **स्मॉल फर्नीचर:** कॉफी टेबल्स, मैगज़िन रैक्स, वॉल सेपरेटर्स, बीन बैग्स, सिंगल चेयर्स, रैक्स ऐंड ट्रॉलीज़, एक्सेंट फर्नीचर, बेबी ऐंड किड्स फर्नीचर, आउटडोर फर्नीचर। **गिफ्ट्स:** कॉर्पोरेट, पर्सनल ऐंड फेस्टिव। **हाउसवेयर:** किचेन एप्लायंसेज, किचेनवेयर, कुकवेयर. टेबलवेयर, बाथरूम मेंटिनेंस, क्लीनिंग, स्टोरेज़, आउटडोर। **सर्विसेज:**

### विशेष लाभों का आनन्द लें!

- एचजीएच इंडिया 2021 में निःशुल्क प्रवेश पाएं
- प्री-रजिस्टर्ड विजिटर के रूप में स्थल पर अपना बैज़ प्राप्त करने में समय की बचत करें। अपने ऑनलाइन रजिस्ट्रेशन के बाद, आपको भेजे गए प्री-रजिस्ट्रेशन QR कोड से आप सीधे अपना बैज़ प्रिंट कर सकते हैं।
- एचजीएच इंडिया 2021 कैटेलॉग की एक मुफ़्त कॉपी
- प्रामाणिक विजिटर्स के लिए एचजीएच इंडिया के सम्मान में हॉट लाउंज़, फ्रूट लाउंज़, पॉप कॉर्न लाउंज़ और शटल बस सर्विस एवं अन्य सुविधाओं का उपयोग

*इन लाभों का उपयोग करने तथा स्पॉट रजिस्ट्रेशन शुल्क पर बचत के लिए, आपको हमारी वेबसाइट www.hghindia.com पर 20 नवंबर 2021 से पहले अपना ऑनलाइन रजिस्ट्रेशन करना होगा।*

### निःशुल्क विजिटर रजिस्ट्रेशन दिशानिर्देश

- निःशुल्क विजिटर्स इंट्री केवल पहले से रजिस्टर्ड उन ट्रेड विजिटर्स के लिए है जिन्होंने www.hghindia.com पर अपना ऑनलाइन रजिस्ट्रेशन कराया है।
- एक्ज़ीबिटरों या संयोजक से प्राप्त किसी भी आमंत्रण-पत्र के आधार पर आप ट्रेड शो के स्थल पर निःशुल्क स्पॉट रजिस्ट्रेशन के हकदार नहीं होते।
- ऑनलाइन विजिटर रजिस्ट्रेशन निःशुल्क प्रवेश के लिए अनिवार्य है। उन सभी विजिटरों को जिन्होंने अपना ऑनलाइन रजिस्ट्रेशन नहीं कराया है, ट्रेड शो में प्रवेश के लिए रु. 1,000/- का स्पॉट रजिस्ट्रेशन शुल्क देना होगा।
- ऑनलाइन विजिटर्स रजिस्ट्रेशन की अंतिम तिथि: 20 नवंबर 2021

#### नियमित विजिटर के लिए ऑनलाइन विजिटर रजिस्ट्रेशन के साथ निःशुल्क प्रवेश के चरण:

1. www.hghindia.com पर होम पेज़ या विजिटर्स मेनू पर विजिटर रजिस्ट्रेशन पर क्लिक करें
2. अपना मोबाइल नम्बर या ईमेल आईडी डालें और OTP भेजें पर क्लिक करें।
3. क्लिक हियर ऐज़ यू आर अ न्यू विजिटर (आप नए आगंतुक हैं इसलिए यहां क्लिक करें) पर क्लिक करें
4. अपना मोबाइल नम्बर या ईमेल आईडी डालें और OTP भेजें पर क्लिक करें।
5. अपने रजिस्टर्ड मोबाइल या ईमेल आईडी पर भेजा गया OTP डालें
6. ऑनलाइन विजिटर रजिस्ट्रेशन फॉर्म भरें
7. ईमेल और एसएमएस के माध्यम से अपना विजिटर रजिस्ट्रेशन नम्बर और QR कोड प्राप्त करें जिससे आपके रजिस्ट्रेशन की पुष्टि होती है
8. ट्रेड शो में अपना रजिस्ट्रेशन नम्बर या QR कोड मोबाइल में या प्रिंट के रूप में अपने साथ रखें
9. अपना बैज़ प्रिंट करने के लिए, एचजीएच इंडिया 2021 के हॉल नं. 9 तथा हॉल नं. 15 के पास 'प्री-रजिस्टर्ड विज़िटर्स डेस्क' पर अपना रजिस्ट्रेशन नम्बर प्रस्तुत करें या QR कोड स्कैन करें।

#### नए विजिटरों के लिए ऑनलाइन विजिटर रजिस्ट्रेशन के साथ निःशुल्क प्रवेश के लिए चरण:

1. www.hghindia.com पर होम पेज़ या विजिटर्स मेनू पर विजिटर रजिस्ट्रेशन पर क्लिक करें
2. अपना मोबाइल नम्बर या ईमेल आईडी डालें और OTP भेजें पर क्लिक करें।
3. क्लिक हियर *ऐज़ यू आर अ न्यू विजिटर* (आप नए आगंतुक हैं इसलिए यहां क्लिक करें) पर क्लिक करें
4. अपना मोबाइल नम्बर या ईमेल आईडी डालें और OTP भेजें पर क्लिक करें।
5. अपने रजिस्टर्ड मोबाइल या ईमेल आईडी पर भेजा गया OTP डालें
6. ऑनलाइन विजिटर रजिस्ट्रेशन फॉर्म भरें
7. ईमेल और एसएमएस के माध्यम से अपना विजिटर रजिस्ट्रेशन नम्बर और QR कोड प्राप्त करें जिससे आपके रजिस्ट्रेशन की पुष्टि होती है
8. ट्रेड शो में अपना रजिस्ट्रेशन नम्बर या QR कोड मोबाइल में या प्रिंट के रूप में अपने साथ रखें
9. अपना बैज़ प्रिंट करने के लिए, एचजीएच इंडिया 2021 के हॉल नं. 9 तथा हॉल नं. 15 के पास 'प्री-रजिस्टर्ड विज़िटर्स डेस्क' पर अपना रजिस्ट्रेशन नम्बर प्रस्तुत करें या QR कोड स्कैन करें।

### महत्वपूर्ण नोट्स

1. इंट्री बैज़ एचजीएच इंडिया में आपके निःशुल्क प्रवेश के लिए आपकी व्यक्तिगत हकदारी है और यह बिल्कुल हस्तांतरणीय नहीं है।
2. यदि आप पिछले सालों में एचजीएच इंडिया के रजिस्टर्ड विजिटर रह चुके हैं तो कृपया संयोजकों से अपना रेफरेंस नम्बर प्राप्त कर लें और एचजीएच इंडिया 2021 में अपने रजिस्ट्रेशन के ऑनलाइन नवीकरण के लिए उसका उपयोग करें।
3. एचजीएच इंडिया 2021 में निःशुल्क प्रवेश के लिए, सभी पिछले विजिटरों के लिए रजिस्ट्रेशन का नवीकरण अनिवार्य है। नवीकरण न कराने पर, रु. 1,000/- का स्पॉट रजिस्ट्रेशन शुल्क देना होगा।
4. एचजीएच इंडिया पूर्णतया एक व्यापार प्रदर्शनी (ट्रेड शो) है। इसलिए उपभोक्ताओं का प्रवेश वर्जित है। खुदरा खरीदारी की अनुमति नहीं है। यदि आपको खुदरा खरीदारी करते पाया गया तो आप एक विजिटर के रूप में अयोग्य घोषित किए जा सकते हैं।
5. 15 वर्ष से कम उम्र के बच्चों को अनुमति नहीं है।
6. संयोजकों को किसी भी विजिटर को प्रवेश देने से मना करने का विवेकाधिकार प्राप्त है।

**और अधिक सहायता या पूछताछ के लिए, कृपया सम्पर्क करें**

श्री अमर शर्मा: +91 99 676 00286 / श्री एलाका अंसारी: +91 99 301 72973 ईमेल: visitors@hghindia.com

**www.hghindia.com**

**रजिस्ट्रेशन के लिए: www.hghindia.com मुम्बई: टेलिफोन: +91 (22) 2421 4111, दिल्ली: टेलिफोन: +91 (11) 2571 4111 ईमेल: visitorshghindia.com**